INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: VII-2nd Lang. | Department: Hindi | Class Work |
|---|---|---|
| LESSON-8 -अपूर्व अनुभव | Topic: प्रश्नोतर, व्याकरण | Note: Pl File in portfolio |

## अति लघु प्रश्न

प्रश्न-1 तोत्तो-चान ने अपने पेड़ पर चढ़ने का न्योता किसे दिया था?

उत्तर - तोत्तो-चान ने अपने पेड़ पर चढ़ने का न्योता **यासुकी-चान** को दिया था।

प्रश्न-2 यासुकी-चान का घर कहाँ था?

उत्तर - यासुकी-चान का घर **डेनेनचोफु** में था।

प्रश्न-3 तोत्तो-चान जापान के कौन से गाँव की रहने वाली थी?

उत्तर - तोत्तो-चान जापान के **तोमोए** गाँव की रहने वाली थी।

प्रश्न-4 यासुकी-चान पेड़ पर क्यों नहीं चढ़ पाता था?

उत्तर- यासुकी-चान को **पोलियो** था, इसलिए वह पेड़ पर नहीं चढ़ पाता था।

प्रश्न-5 पेड़ की द्विशाखा जमीन से कितनी फुट की ऊँचाई पर थी?

उत्तर - पेड़ की द्विशाखा जमीन से **छह फुट** की ऊँचाई पर थी।

प्रश्न-6 अपनी माँ से झूठ बोलते समय तोत्तो-चान की नज़रें नीचे क्यों थीं?

उत्तर:- तोत्तो-चान का **झूठ पकड़ा न जाए** इसलिए उसकी नज़रें नीचे थीं।

## लघु प्रश्न

प्रश्न-1 तोत्तो-चान ने कौन सा साहस भरा काम किया था?

उत्तर - तोत्तो-चान ने अपने पोलियो ग्रस्त मित्र यासुकी-चान को पेड़ पर चढ़ा कर साहस भरा काम किया था।

प्रश्न-2 तोत्तो-चान कौन थी और उसकी हार्दिक इच्छा क्या थी?

उत्तर- तोत्तो-चान एक जापानी लड़की थी| उसकी हार्दिक इच्छा थी कि उसका अपंग मित्र यासुकी-चान उसके पेड़ पर चढ़कर दुनिया की सारी चीज़ों को देखे।

प्रश्न-3 यासुकी-चान किसी पेड़ को अपनी निजी संपत्ति क्यों नहीं मानता था?

उत्तर - यासुकी-चान पोलियो से ग्रस्त था, वह किसी पेड़ पर नहीं चढ़ पाता था इसलिए वह किसी पेड़ को अपनी निजी संपत्ति नहीं मानता था।

प्रश्न-4 तोत्तो-चान किस उद्देश्य से घर से निकली थी?

उत्तर- तोत्तो-चान ने अपने पोलियो ग्रस्त मित्र यासुकी-चान से वादा किया था कि वह उसे अपने पेड़ पर चढ़ाएगी। इसी वायदे को पूरा करने के लिए वह घर से स्कूल के लिए निकली थी।

## दीर्घ प्रश्न

प्रश्न-1 यासुकी-चान को अपने पेड़ पर चढ़ाने के लिए तोत्तो-चान ने अथक प्रयास क्यों किया?

उत्तर- जापान के तोमोए शहर के एक स्कूल में हर बच्चे का एक निजी पेड़ था जिस पर चढ़कर मौज-मस्ती कर सकता था लेकिन पोलियोग्रस्त यासुकी-चान ऐसा नहीं कर सकता था| इसीलिए तोत्तो-चान ने अपने प्रिय मित्र यासुकी-चान को अपने पेड़ पर चढ़ाने के लिए अथक प्रयास किया।

प्रश्न-2 अपनी माँ से झूठ बोलते समय तोत्तो-चान की नज़रें नीचे क्यों थीं?

उत्तर - तोत्तो-चान अपनी माँ से झूठ बोल रही थी कि वह यासुकी-चान के घर जा रही है। वास्तव में वह उसे पेड़ पर चढ़ाने के लिए जा रही थी। उसे डर था कि अगर उसने माँ की ओर देखा तो माँ उसका झूठ पकड़ लेगी और उसे नहीं जाने देगी। इसीलिए झूठ बोलते समय तोत्तो-चान की नज़रें नीचे थी।

प्रश्न-3 विकलांगों के प्रति हमारी सोच कैसी होनी चाहिए? (मूल्यपरक प्रश्न)

उत्तर- विकलांग हमारे समाज के आवश्यक अंग हैं। उन्हें सम्मानपूर्वक जीने का पूरा अधिकार है। हमें उनके साथ कुछ समय बिताना चाहिए ताकि उन्हें अकेलापन महसूस न हो। हमें उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूर्ण कोशिश करनी चाहिए। उन्हें सभी प्रकार की सुविधाएँ मिलनी चाहिए|

## व्याकरण भाग

प्रश्न 1- दिए गए शब्दों के विलोम लिखिए|

1. पठित x अपठित
2. पंडित x मूर्ख
3. मूक x वाचाल
4. बाढ़ x सूखा
5. संयोग x वियोग

6. यश x अपयश
7. उदार x अनुदार
8. ऊँचा x नीचा
9. उन्नति x अवनति
10. भयभीत x निर्भय
11. अनुराग x विराग
12. स्वदेश x परदेश
13. अनाथ x सनाथ
14. निरक्षर x साक्षर
15. अल्पायु x दीर्घायु
16. प्रस्थान x आगमन
17. आहार x निराहार
18. औपचारिक x अनौपचारिक
19. उपयोगी x अनुपयोगी
20. भाग्यवान x भाग्यहीन

प्रश्न-2 वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए -

1- जो पहले न हुआ हो - अपूर्व
2- जिसके आर-पार देखा जा सके - पारदर्शी
3- जो किसी का स्मरण कराता हो - स्मारक
4- जानने की इच्छा रखने वाला - जिज्ञासु
5- सब कुछ जानने वाला - सर्वज्ञ
6- जिसको पराजित न किया जा सके - अपराजेय
7- स्वयं सेवा करने वाला - स्वयं-सेवक
8- किसी की शरण में आया हुआ - शरणागत
9- जो कड़वे वचन बोलता हो - कटुभाषी
10- जो व्यक्ति कर्म न करता हो - अकर्मण्य
11- जिसके मन में कोई कपट न हो - निष्कपट
12- जिसका कोई नाथ न हो - अनाथ

प्रश्न-3 **क्रिया की परिभाषा-**

ऐसे शब्द जो हमें किसी काम के करने या होने का बोध कराते हैं, वे शब्द क्रिया कहलाते हैं।

**जैसे:** पढ़ना, लिखना, खाना, पीना, खेलना, सोना आदि।

**क्रिया के उदाहरण-**

राकेश गाना **गाता** है।
मोहन पुस्तक **पढ़ता** है।
मनोरमा **नाचती** है।
मानव धीरे-धीरे **चलता** है।
घोडा बहुत तेज़ **दौड़ता** है।

**प्रश्न-3 क्रिया चुनकर लिखिए|**

1. अंशुल क्रिकेट खेल रहा है।
2. लड़कियाँ गाना गा रही हैं।
3. अंकिता चाय बना रही है।
4. अध्यापक छात्रों को पाठ पढ़ा रहा था।
5. हर्ष अपने मित्र ललित को पत्र लिख रहा है।
6. आज सभी पतंग उड़ा रहे हैं।
7. पुनीत ने फुटबॉल में गोल किया।
8. सोहन रोज़ कसरत करता है।
9. साक्षी ने कल एक सुविचार लिखा।
10. आकांशा ने आज सही काम किया।

*********************************

